कार्यालय जनपद न्यायाधीश, हमीरपुर।

विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद से प्राप्त परिपत्र संख्या 14 / एडमिन 'डी' सैक्शन दिनांकित 15.10.2022 के द्वारा पूर्व में निर्गत परिपत्र संख्या 41 / एडमिन (डी) सेक्शन दिनांकित 14.04.1980 के अनुक्रम में न्यायिक अधिष्ठान, हमीरपुर से सेवानिवृत्त कर्मचारीगण में से ऐसे कर्मचारीगण जिनकी आयु 65 वर्ष पूर्ण न हुई हो, अधोलिखित तालिकानुसार रिक्त पदों पर पुनर्नियुक्ति की जानी है। यह नियुक्ति पूर्णत अस्थाई होगी तथा एक वर्ष की अवधि के लिये (यदि पूर्व मे ही समाप्त न कर दी जाये अथवा प्रोन्नति व सीधी भर्ती के माध्यम से भर्ती न हो जाये) तक की जायेगी।

उक्त पदों का वेतनमान सम्बन्धित पद पर आवेदक को मिलने वाले अन्तिम आहरित वेतन जिसमें से पेंशन की राशि काटकर मानदेय के रूप में देय होगा। अन्य भत्ते उत्तर प्रदेश शासन के यथासंशोधित आदेशों के अधीन प्रदान किये जायेंगे।

जनपद न्यायालय हमीरपुर में वर्तमान में कार्यरत आशुलिपिकगण की संख्या जनपद न्यायालय में कार्यरत न्यायिक अधिकारीगण से कम हैं, जिससे न्यायिक कार्य प्रभावित होता है। वर्तमान में जनपद न्यायालय हमीरपुर में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भी अत्यधिक कमी है। अतः कर्मचारियों की अत्यधिक कमी को देखते हुये एक आशुलिपिक एवं एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की नियुक्ति अविलम्ब किया जाना अति आवश्यक है।

अतः उपरोक्त पदों को पुनर्नियुक्ति के माध्यम से भरने के लिये आवेदक अपना आवेदन दिनांक 17.11.2022 की सायं 04:00 बजे तक प्रशासनिक कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है।

S.No.	Post Name	Vacancy
1.	Stenographer Grade-II	01
2.	Orderly/Peon/Office Peon/Farrash	01

विज्ञप्ति सार्वजनिक प्रदर्शन हेतु नोटिस बोर्ड पर चस्पा हो। कम्प्यूटर अनुभाग, जनपद न्यायालय, हमीरपुर व माननीय उच्च न्यायालय की अधिकारिक वेबसाईट पर भी अपलोड कराये।

अध्यक्ष 9-11-22
चयन उपसमिति/
जनपद न्यायालय
हमीरपुर।